# कार्यालय कुलसचिव

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर (उ0प्र0)

पत्रांक : सीएसएयू/आर–808/दी0समा0/2026

दिनांक : जून 22,2026

श्री/कु0 ................................

अत्यन्तः हर्ष के साथ सूचित करना है कि चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर का **28वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 10 जुलाई, 2026 दिन शुक्रवार** को विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में विभिन्न संकायों की उपाधियों उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रदान की जायेगी। आशा है कि आप इस पुनीत सुअवसर पर अवश्य सहभागी होंगें।

इस सम्बन्ध में निम्न बिन्दुओं से आपको अवगत कराना आवश्यक हैः–

1. कृपया संलग्न प्रारूप पर कुलसचिव कार्यालय को अपना प्रार्थना पत्र दि0 5/7/.2026 तक डाक/व्यक्तिगत/ईमेल (Email: registrar@csauk.ac.in) से अवश्य प्राप्त करा दें।
2. दीक्षान्त समारोह से एक दिन पूर्व अर्थात दिनांक **09 जुलाई, 2026 दिन गुरूवार को प्रातः 10.00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपनी उपाधि प्राप्त कर लें। कार्यक्रमानुसार समारोह के दिन उपाधि हस्तगत कराना सम्भव नहीं हो पायेगा। आप जिस उपाधि/उपाधियों को प्राप्त करने की अर्हता रखते है, के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत **पी०डी०सी० एवं परिचय पत्र मूल** रूप में साथ लाने का कष्ट करें।
3. दिनांक **09 जुलाई, 2026 दिन गुरुवार** को उत्तरीय भी दे दी जायेगी। समारोह में भाग लेने के लिए उत्तरीय प्राप्त करना एवं उसे धारण करना अनिवार्य है। स्नातक, परास्नातक एवं पी–एच०डी० छात्रों को उत्तरीय के लिए रू० 400/– नकद प्रतिभूति के रूप में जमा करना होगा। दीक्षान्त समारोह समापन के अगले दिनांक **11 जुलाई, 2026** को उत्तरीय वापस करने पर परिरक्षा रू0 25/– शुल्क के रूप में निर्धारित कटौती करके शेष राशि आपको वापस कर दी जायेगी। उत्तरीय दूसरे दिन वापस न करने पर अथवा उसके आंशिक/पूर्णरूपेण नष्ट/खराब हो जाने की स्थिति में आप द्वारा जमा की गयी प्रतिभूति धनराशि अधिग्रहीत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
4. **उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि दिनांक 08 एवं 09 जुलाई, 2026 दिन गुरूवार को विश्वविद्यालय के कैलाश भवन में दीक्षान्त समारोह के रिहर्सल में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने का कष्ट करें।**
5. दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं हेतु निर्धारित वेशभूषा में आना अनिवार्य है जो निम्नलिखित हैः–

   अ) छात्रों हेतु : काली पैन्ट, सफेद शर्ट, लाल रंग की टाई एवं काले जूते

   ब) छात्राओं हेतु : सफेद सलवार सूट, लाल रंग की चुन्नी

संलग्नकः प्रारूप

कुलसचिव

# प्रारूप

(पदक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं द्वारा अंकित करने हेतु)

रंगीन फोटो

| | |
|---|---|
| पदक का नाम | ........................................................................................ |
| छात्र/छात्रा का नाम | ........................................................................................ |
| पिता का नाम | ........................................................................................ |
| पत्राचार पता | ........................................................................................ |
| पैत्रक व्यवसाय | ........................................................................................ |
| पाठ्यक्रम का नाम | ........................................................................................ |
| ओ0जी0पी0ए0 | ........................................................................................ |
| भविष्य की योजना | ........................................................................................<br>........................................................................................ |
| कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की सुदृढ को करने के लिए आपकी योजना | ........................................................................................<br>........................................................................................<br>........................................................................................ |

छात्र/छात्रा का हस्ताक्षर

# चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर
## 28वाँ दीक्षान्त समारोह

### विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह दिनांक 10 जुलाई, 2026 के दौरान समस्त उपाधि प्राप्तकर्ताओं के अनुपालन हेतु बिन्दुवार दिशा–निर्देश

1. समस्त उपाधि प्राप्तकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि कुलसचिव कार्यालय से दिनांक 09 जुलाई, 2026 तक अपनी–अपनी उपाधियाँ अवश्य प्राप्त कर लें।
2. दीक्षान्त समारोह का पूर्वाभ्यास (Reharshal) दिनांक 08 एवं 09 जुलाई, 2026 को अपरान्ह 3:00 बजे से ''कैलाश भवन'' में होगा, जिसमें समस्त उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ताओं को अनिवार्य रुप से उपस्थित होना है।
3. समस्त उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें दिनांक 10 जुलाई, 2026 दिन शुक्रवार को ''कैलाश भवन'' प्रेक्षागार में अपरान्ह 12.30 बजे तक अपना–अपना स्थान अवश्य ग्रहण कर लें। अपरान्ह 12.45 बजे के उपरान्त ''कैलाश भवन'' में प्रवेश निषेध होगा।
4. उपाधि प्राप्तकर्ताओं को आदेशित किया जाता है कि जब मा० कुलाधिपति/मा० कुलपति महोदय उपाधि प्रदान करने की घोषणा करेगें, उस समय अपनी–अपनी उपाधियों को सीने के समक्ष लेकर खड़े रहेगें।
5. कुलपति महोदय द्वारा दीक्षोपदेश दिया जायेगा, तो समस्त उपाधि प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को केवल यह कहना है कि ''मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूँ'' अन्त में कुलपति महोदय द्वारा कहा जायेगा, कि ''तुम्हारा जीवन मंगलमय हो'' उस समय समस्त उपाधि प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं द्वारा शान्त ही रहना है।
6. समस्त उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय की गरिमा व प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिये पूरा प्रयास करना है। ''कैलाश भवन'' में शान्तिपूर्ण वातावरण बनाये रखना आपका शिक्षित होने का प्रतीक है।
7. शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्रेक्षागृह में आप सभी का सहयोग विश्वविद्यालय हित के लिये अति महत्वपूर्ण है।
8. समस्त उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है, कि दीक्षान्त समारोह के शुभारम्भ से समापन तक प्रेक्षागृह में आपस में बातचीत एवं अनावश्यक रुप से घूमना–फिरना वर्जित रहेगा।
9. समस्त छात्र/छात्रायें दीक्षान्त समारोह के दौरान ''कैलाश भवन'' में अनुशासन बनाये रखेगें। किसी भी प्रकार से कोई अनुशासनहीनता न करें, जिससे विश्वविद्यालय परिवार की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

कुलसचिव

प्रेषक,

..............................................

..............................................

आई0डी0 सं0 ..............................................

पाठ्यक्रम..........................................................

मोबाइल नं0.....................................................

सेवा में,

कुलसचिव,
चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौ0वि0वि0,
कानपुर–208002

महोदय,

आपके पत्र सं0: सीएसएयू/आर–                    /दीक्षान्त समारोह दिनांक                    , 2026 के सन्दर्भ में निवेदन करना है कि मै विश्वविद्यालय के 28वें दीक्षान्त समारोह (दिनांक 10.07.2026) में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करूँगा/करूँगी। मै निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 09.07.2026 गुरूवार को विश्वविद्यालय में उपस्थित हो जाऊँगा/ जाऊँगी।

1. छात्र का नाम:
   (हिन्दी मे) ....................................................................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ....................................................................................

2. उपाधि जो प्राप्त करनी है:– उपाधि.................................................................. वर्ष..........................

दिनांक:.......................................

प्रार्थी

हस्ताक्षर ....................................................

छात्र का नाम ..........................................

पता....................................................

मोबाइल नं0..............................................